आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 06.09.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए 97 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति  दी।
- प्रदेश में 17 सिंतबर से एक माह का सेवा और सुशासन पखवाडा मनाया जायेगा। शैक्षिक संस्थानो में नवाचारों और शिक्षा में सुधारों पर आधारित निबंध प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन।
- राज्य में निर्धारित मान्यता व शैक्षणिक मानकों का अनुपालन नहीं करने वाले मदरसों के विरुद्ध सरकार की कार्रवाई जारी। अब तक 17 मदरसे सील; 20 बिना मान्यता संचालित मदरसों का संचालन बंद।
- और, दुबई में कल खेले गए महिला एशिया कप टी 20 मैच में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया।

……………………………………………

वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए कुल 97 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत टिहरी और ऊधमसिंह नगर में मंदिरों के सौंदर्यीकरण, पिथौरागढ़ में संपर्क मार्ग, देहरादून में आवास निर्माण और नाबार्ड वित्त पोषित सिंचाई योजनाओं को मंजूरी दी गई है।

हल्द्वानी में संभागीय परिवहन कार्यालय, चालक प्रशिक्षण संस्थान और ऑटोमेटिव ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के निर्माण के लिए भी स्वीकृति दी गई है। चारधाम यात्रा मार्गों पर हेलीपोर्ट और हेलीपैडों में स्वचालित मौसम अवलोकन प्रणाली और सीलोमीटर की स्थापना के लिए धनराशि जारी करने को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा घरेलू श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने के लिए भी धनराशि अवमुक्त करने का अनुमोदन किया गया है।

……………………………………………

सेवा और सुशासन पखवाडा

प्रदेश में 17 सिंतबर से 17 अक्टूबर तक सेवा और सुशासन पखवाडा मनाया जायेगा।

शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने बताया कि इसके तहत राज्य के शैक्षिक संस्थानो में नवाचारों और शिक्षा में सुधारों पर आधारित निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

……………………………………………

खाद्य गुणवत्ता

प्रदेश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शासन और प्रशासन स्तर पर लगातार अभियान जारी हैं। इसी कडी में नैनीताल जिले में 5 अगस्त को हल्द्वानी–काठगोदाम क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों के वितरकों से लिये गये 5 दूध के नमूने निर्धारित मानकों के अनूरूप नहीं पाए गए हैं।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि यह नमूने जांच के लिए रुद्रपुर स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे थे। प्रयोगशाला की रिपोर्ट में सभी पांच नमूने अधोमानक पाए गए।

जांच में पैकेटबंद दूध के नमूनों में मिल्क फैट और सॉलिड नॉन फैट की मात्रा निर्धारित मानकों से कम मिली। वहीं, गाय और भैंस के खुले मिश्रित दूध के नमूने में भी दोनों तत्व मानक से काफी कम पाए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी पांच नमूनों को अधोमानक घोषित करते हुए संबंधित कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

.....................................................

समय–सारिणी

प्रदेश के सभी जिलों में, हरिद्वार के जिला पंचायत क्षेत्र को छोड़कर, जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने की समय–सारिणी जारी कर दी गई है।

आठ सितंबर को निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन, 10 सितंबर को दावा–आपत्ति दाखिल करने की अवधि, 12 सितंबर को दावे–आपत्तियों का निस्तारण और 15 सितंबर को अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा।

.....................................................

मदरसा

प्रदेश में निर्धारित मान्यता व शैक्षणिक मानकों का अनुपालन नहीं करने वाले मदरसों के विरुद्ध राज्य सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है। अब तक 17 मदरसों को सील किया जा चुका है, जबकि 20 बिना मान्यता संचालित मदरसों का संचालन भी बंद कराया गया है।

इसी क्रम में देहरादून और हल्द्वानी में बिना मान्यता संचालित मदरसों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। देहरादून में तीन मदरसों के संचालन को बंद करने के संबंध में कार्रवाई की गई है। वहीं नैनीताल के हल्द्वानी में गौजाजाली और इंदिरा नगर, बनभूलपुरा में संचालित बिना मान्यता प्राप्त मदरसे को भी सील किया गया है।

हल्द्वानी नगर मजिस्ट्रेट ए.बी. वाजपेयी ने बताया कि संबंधित मदरसा प्रबंधकों को मान्यता से जुड़े आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि बच्चों के भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन कर संचालित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

........................................................

चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट क्रिकेट एशिया कप

दुबई में कल खेले गए महिला एशिया कप टी 20 मैच में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान की टीम 18.1 ओवर में सिर्फ़ 55 रन पर ऑलआउट हो गई, जो टी 20 इंटरनेशनल में उनका अब तक का सबसे कम स्कोर है।

युवा स्पिनर एन चरानी और प्रेमा रावत ने तीन–तीन विकेट लिए, जबकि दीप्ति शर्मा ने दो विकेट चटकाए। भारत ने 8.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और कप्तान हरमनप्रीत कौर 18 रन बनाकर नाबाद रहीं। यह मैच हरमनप्रीत का भारत की कप्तान के तौर पर 150वां टी 20 इंटरनेशनल मैच भी था; इस तरह वह पुरुष या महिला क्रिकेट में यह मुकाम हासिल करने वाली पहली इंटरनेशनल कप्तान बन गईं।

वहीं, सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष डबल्स, फाइनल में पहुंच गई है। भारतीय जोड़ी ने कल हुए सेमीफाइनल मुकाबले में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी किओंग को 21–16, 18–21, 21–11 से हराया।

........................................................

विज्ञान संग्रहालय

पौडी ज़िले में डॉ अम्बेडकर विज्ञान संग्रहालय विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन रहा है। संग्रहालय में छात्र–छात्राओ की आवाजाही होने से अब वे किताबो मे पढ़े ज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से देखने और प्रयोगो के जरिए समझने का अवसर पा रहे हैं। इसी क्रम में जनता इंटर कालेज, ल्वाली के छात्र– छात्राओ ने विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण किया। छात्रों ने बताया कि संग्रहालय मे स्थापित सोलर पैनेल, प्लाज्मा ग्लोब, जैसे विभिन्न मॉडल विज्ञान को सरल और रोचक रूप से समझने में मदद कर रहे हैं।

जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि प्रयोगात्मक गतिविधियों से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढने के साथ वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना विकसित हो रही है। यह संग्रहालय विद्यार्थियों के लिए कक्षा से बाहर सीखने का नया और उपयोगी मंच बन कर सामने आया है।

........................................................

मॉक ड्रिल

अग्नि दुर्घटना और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए चम्पावत में विभिन्न विभागों ने संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया। आर्मी कैंप परिसर में आयोजित इस अभ्यास में अग्निशमन, सेना, सशस्त्र सीमा बल, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की आग पर प्रभावी नियंत्रण पाने की प्रक्रिया का व्यावहारिक

प्रदर्शन किया गया। साथ ही, किसी भी दुर्घटना की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, राहत–बचाव कार्य और आपसी समन्वय को मजबूत करने का अभ्यास किया गया।

………………………………………………